ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

WORK SHEET – 7

Subject : Hindi Grammar 2nd Term **Class : IIB** **Date : 03.08.2020**

Topic : अपठित गद्यांश

एक आदमी भालू के साथ गाँव में डुगडुगी बजाता हुआ आ रहा था। वह आदमी भालू वाला था। वह चारखाने की लुँगी और फटा कुरता पहने था। उसके बाल रूखे और बिखरे थे। वह कंधे पर एक लाठी लिए हुए था। उस लाठी पर एक बड़ी गठरी टँगी थी। वह आगे-आगे चल रहा था और उसके पीछे-पीछे भालू चल रहा था। वह एक रस्सी से भालू को पकड़े हुए था। भालू के नथूने में रस्सी गुथी हुई थी। डुगडुगी की आवाज़ सुनकर बच्चे भालू का नाच देखने के लिए इकट्ठे हो गए।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें :

1. गाँव में डुगडुगी बजाता हुआ कौन आ रहा था?
2. भालूवाले ने क्या पहन रखा था?
3. भालूवाले के बाल कैसे थे?
4. भालू के नथूने में क्या गुथा हुआ था?
5. डुगडुगी की आवाज़ सुनकर क्या हुआ?
6. गद्यांश से दो 'नाम शब्द' छाँटे।
7. गद्यांश से विशेषण छाँटे।
8. 'कुरता' शब्द का वचन बदले।
9. ठीक मात्रा लगाकर डगडगी का सही रूप लिखे।
10. 'भालू' शब्द से वाक्य बनाए।

Sangeeta Khosla